# एप्लीकेशन यूज़र मेन्युअल

# विकेन्द्रीयकत योजना निर्माण

## आफलाइन एप्लीकेशन

**पीएमपीएसयू, राज्य योजना आयोग, मध्यप्रदेश**

**Table of Contents**



| क्रं. | विषयवस्तु |
|---|---|
| 1. | एप्लीकेशन के बारे में |
| 2. | एप्लीकेशन का इंस्टालेशन |
| 3. | मास्टर डाटा डाउनलोड |
| 4. | डाटा प्रविष्टि |
| 5. | रिस्पांस प्लान तैयार करना |
| 6. | डाटा एकत्रीकरण |
| 7. | Frequently Asked Question |

## 1. एप्लीकेशन के बारे में

विकेन्द्रीकृत योजना निर्माण करने के लिए राज्य आयोजना आयोग मध्यप्रदेश द्वारा निर्धारित 4 मुख्य प्रपत्रों ( प्रपत्र 1 - आधारभूत जानकारी एवं मूलभूत संसाधनों की जानकारी, प्रपत्र 2 - क्षेत्रकवार वार सेवाओं का स्तर, प्रपत्र 3 A,B,C &D - ग्राम, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत की क्षेत्रकवार कार्य योजना तथा प्रपत्र हितग्राहियों की सूची में विभिन्न स्तरों से जानकारी संकलित की गयी है। इस जानकारी को डिजीटल डेटाबेस के रूप में परिवर्तित करने, विभिन्न तरह की रिपोर्ट्स तैयार करने एवं इंटरनेट के माध्यम से प्रकाशित करते हुए विभिन्न तरह के विश्लेषण करने के लिए इस कम्प्युटर एप्लीकेशन का निर्माण किया गया है। यह एप्लीकेशन निम्न दो भागों में बना है -

(a) Offline Application
(b) Online Application





Figure 1 - Application Structure

(a) Offline Application –एप्लीकेशन का यह माड्यूल मुख्यत: डेटा प्रविष्टि के कार्य को करने के लिए बनाया गया है ताकि डेटा एन्ट्री का कार्य जल्द से जल्द एवं बिना इंटरनेट कनेक्टीविटी के सम्पन्न हो सके। इसके साथ ही इस माड्यूल की सहायता से विभिन्न तरह की रिपोर्ट्स भी तैयार की जा सकती हैं। इस माड्यूल को इस तरह से बनाया गया है कि एक

जनपद से संबंधित डेटाएन्ट्री कई अलग-अलग कम्प्युटर पर की जा सके एवं बाद में उन्हें किसी एक कम्प्युटर पर एकत्र कर सम्पूर्ण जनपद की एकजाई जानकारी तैयार की जा सके।

(b) Online Application - एप्लीकेशन का यह माड्यूल मुख्यत: इंटरनेट के माध्यम से जिला स्तर से विभागों के Response भरने व जिला स्तर की योजना बनाने एवं रिपोर्ट्स देखने के लिए तैयार किया जा रहा है जो कि आफलाइन एप्लीकेशन में भरे गए डेटा के आधार पर रहेगीं। इसके अतिरिक्त इस आनलाइन एप्लीकेशन का भविष्य में उपयोग स्वीकृति जारी करने, जीआईएस आधारित रिपोर्ट देखने एवं अन्य मानीटरिंग कार्यों के लिए भी किया जावेगा।

वर्तमान में यह आनलाइन एप्लीकेशन http://mwh.mpforest.org/dcpmp वेब साइट पर host किया जा रहा है।

## 2. Offline एप्लीकेशन का इंस्टालेशन

Offline Application को कम्प्युटर पर इंस्टाल करने के लिए सर्वप्रथम यह सुनिश्चित करें कि कम्प्युटर पर निम्न साफ्टवेयर एवं हार्डवेयर इंस्टाल हों -

a. Operating System: Windows XP With Service Pack 2 or Higher
b. Hardware:
    - CPU – Intel/AMD 1 GHz or Above
    - RAM – 512 MB or Above
    - Free Hard Disk Space – 100 MB
    - Printer (Optional for printing)
    - Monitor – Color Monitor with minimum 800x600 resolution, 1024x768 is recommended.

दिए गए एप्लीकेशन इंस्टालेशन किट के Folder में आपको निम्न अनुसार Files एवं Folders दिखाई देगें -





**Figure 2 - Installation Folder List**

उक्त में से Setup.EXE को Double Click कर आप इंस्टालेशन का कार्य प्रारंभ कर सकते हैं। जिससे आपको निम्न अनुसार स्क्रीन प्राप्त होगी -





**Figure 3 - Installation Steps**

अब स्क्रीन पर प्राप्त निर्देशों को पालन करते हुए Next बटन पर क्लिक करते जावें तो एप्लीकेशन आपके कम्प्युटर में C:\Program Files\DCP\Decentralized Planning फोल्डर में स्वत: इंस्टाल हो जावेगा। (यदि आपके कम्प्युटर पर Windows OS, C:\ पर इंस्टाल है एवं आपने इंसटालेशन Path नही बदला है)

एप्लीकेशन इंस्टालेशन के उपरांत आपको डेस्कटाप पर निम्न अनुसार Icon दिखाई देगा-





**Figure 4 - Application Icon on Desktop**

उक्त एप्लीकेशन के साथ ही आपके कम्प्युटर पर Crystal Reports का Runtime भी लोड होगा जो कि आपको रिपोर्टस देखने के लिए आवश्यक होगा।

अब आप एप्लीकेशन के Shortcut Icon पर Double Click कर इस एप्लीकेशन को प्रांरभ कर सकते हैं इससे निम्नानुसार स्क्रीन प्राप्त होगा -





**Figure 5 - Login Screen**

यह एप्लीकेशन दो मोड (Offline & Online) में लागइन की सुविधा देता है। Offline लागइन मोड केवल तभी कार्य करेगा जबकि आप एक बार Online होकर मास्टर डाटा डाउनलोड कर लेगें। Offline मोड में कार्य करने हेतु आपको इंटरनेट की आवश्यकता नही होगी। जबकि आनलाइन मोड में कार्य करने के लिए आपको इंटरनेट से कनेक्ट रहना होगा।

## 3. मास्टर डाटा डाउनलोड

एप्लीकेशन में कार्य करने के लिए आवश्यक है कि आप सर्वप्रथम मास्टर डाटा डाउनलोड कर लेवें।

**मास्टर डेटा क्या है?**
मास्टर डेटा से तात्पर्य ऐसा डेटा है जिसे यूजर नही बदल सकता एवं इसका संधारण Administrator द्वारा किया जाता है । इसमें जिला, जनपद, पंचायत एवं ग्राम के नाम एवं उनके कोड होते हैं। इसके साथ ही विभाग, योजनाएं, सुविधाएं, समस्याएं आदि से संबंधित सूचियां भी मास्टर डेटा के अंतर्गत आती है।

जब आप प्रथम बार Online मोड में लागइन करके मास्टर डेटा डाउनलोड करते हैं तब आपसे संबंधित अर्थात आप जिस प्रखण्ड के लिए Authorize हैं, से संबिधत मास्टर डेटा आपके कम्प्युटर में डाउनलोड हो जाता है। मास्टर डेटा डाउनलोड करने के लिए निम्न चरण हैं -

1. सर्वप्रथम आनलाइन मोड में लागइन होवें। उल्लेखनीय है कि आनलाइन मोड में लागइन होने के लिए आपका कम्प्युटर इंटरनेट से कनेक्ट रहे।
2. लागइन होने के पश्चात आपको निम्न स्क्रीन प्राप्त होगी।





Figure 6 - Application Main Screen

3. एप्लीकेशन के डाउनलोड मीनू पर क्लिक करने पर आपको निम्न स्क्रीन प्राप्त होगी -





Figure 7 - Data Download Step 1

4. यहां पर आपको Start Download Button पर क्लिक करने से आपसे संबंधित मास्टर डेटा डाउनलोड होना प्रारंभ हो जावेगा। यहां यह सुनिश्चित कर लेवें कि इस समय आपका कम्पयुटर इंटरनेट से जुडा हो एवं सर्वर एड्रेस सही लिखा हो। वर्तमान में यह सर्वर एड्रेस http://mwh.mpforest.org/dcpmp है। यदि सर्वर एड्रेस बदलना हो तो मीनू पर क्लिक कर सर्वर एड्रेस बदल सकते हैं।





**Figure 8 – Change Server Address through Settings**

उक्त चरण पूर्ण होने पर आपके कम्प्युटर में डाटा आ चुका होगा। अब आप एप्लीकेशन से बाहर जाकर प्रोग्राम को पुन: प्रारंभ कर Offline मोड में कार्य कर सकते हैं।

******

## 4. डाटा प्रविष्टि

मास्टर डेटा डाउनलोड करने के पश्चात आपका कम्प्युटर डेटा एन्ट्री हेतु तैयार है। इसके लिए एप्लीकेशन की मुख्य स्क्रीन के Entry Status पर क्लिक करें एवं जिला तथा विकासखण्ड चुनें जिससे निम्न स्क्रीन प्राप्त होगी।





**Figure 9 - Data Entry Screen**

उक्त स्क्रीन में प्रथम 4 कालम जिला से ग्राम स्तर को दिखाई दे रहे हैं एवं शेष अन्य कालमों में प्रपत्र वार प्रविष्टि की स्थिति दिखाई दे रही है। सुविधा की दृष्टि से प्रविष्टि की स्थिति विभिन्न रंगों से दिखलाई गयी है जिससे यह ज्ञात करने में आसानी होती है कि किन ग्रामों का कौन सा प्रपत्र भरा जा चुका है या नही भरा है। विभिन्न रंगों के आधार पर प्रविष्टि की स्थिति निम्नानुसार है-

| Status | Background Color |
| --- | --- |
| Not Filled | Red |
| Filled | Cream |
| Uploaded | Green |
| Not Applicable | Gray |

**प्रपत्र 1 में प्रविष्टि -**

प्रपत्र 1 केवल ग्राम स्तर के लिए ही भरा जाना है इसलिए पंचायत एवं जनपद स्तर पर यह प्रपत्र उपलब्ध नही है। हमें जिस ग्राम का डाटा भरना है उसके सामने के प्रपत्र 1 से संबंधित कालम की बटन को क्लिक करने से प्रपत्र 1 प्रविष्टि के लिए निम्नानुसार खुल जाता है -





Figure 10 - Praptra 1 Data Entry Screen (Part 1)

इस प्रपत्र के दो भाग है- सामाजिक आर्थिक एवं जनसंख्या संबंधी तथा आधारभूत संसाधन। अब आपके पास प्राप्त भरे प्रपत्र से जानकारी यहां भरें एवं Save बटन पर क्लिक करें। ये जानकारी भरने के बाद आधारभूत संसाधन से संबंधित जानकारी भरने के लिए प्रपत्र के उपरी भाग से **आधारभूत संसाधन** पर क्लिक करें जिससे निम्नानुसार स्क्रीन प्राप्त होगी-





Figure 11- Praptra 1 Data Entry Screen (Part 2)

यहां पर आपको ऊपर की ओर शिक्षा संबंधी, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी, कृषि एवं सम्बद्ध तथा पेयजल क्षेत्रक से संबंधी रेडियो बटन दिखाई दे रही है, इसमें से प्रत्येक पर क्लिक करते जावें जिससे नीचे की ओर संबंधित क्षेत्रक के संसाधन प्रविष्टि हेतु दिखाई देगें। डाटा भरने के पश्चात Save करना न भूलें।

**प्रपत्र 2**

प्रपत्र 2 भी विभिन्न क्षेत्रकों शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, उर्जा, कृषि, सामाजिक न्याय एवं अधोसंरचना से संबंधित समस्याओं की प्रविष्टि की व्यवस्था दी गयी है। डेटा एन्ट्री के प्रपत्र 2 पर क्लिक करने पर Figure 12 - Praptra 2 Data Entry Screen के अनुसार स्क्रीन प्राप्त होगी।





**Figure 12 - Praptra 2 Data Entry Screen**

यहां पर भी पूर्व अनुसार ऊपर की ओर दिए गए क्षेत्रक पर क्लिक करने से नीचे संबंधित प्रपत्र प्रविष्टि हेतु Open होता जावेगा। जहां पर भरे हुए प्रपत्र के अनुसार प्रविष्टि कर Save बटन पर क्लिक करते जावें। यहां उल्लेखनीय है कि यदि प्रपत्र में पूर्व से दी गयी समस्याओं के अतिरिक्त कोई अन्य समस्या लिखी है तब नीचे अन्य समस्याएं से संबंधित ग्रिड में प्रविष्टि कर लेवें।

**प्रपत्र 3**

यह प्रपत्र ग्राम, ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत तीनों स्तर के लिए भरा जाना है। इस प्रपत्र के दो भाग हैं प्रथम भाग सभा दिनांक एवं उपस्थित सदस्य संख्या भरने के लिए है जबकि दूसरा भाग प्रस्तावित गतिविधि भरने के लिए है। जो कि आपको भरे हुए प्रपत्र में क्रमश: 3.1 से 3.7 तक प्राप्त होगें। डेटा एन्ट्री के प्रपत्र 3 पर क्लिक करने पर Figure 13 - Praptra 3 Data Entry Screen के अनुसार स्क्रीन प्राप्त होगी।





Figure 13 - Praptra 3 Data Entry Screen

**कृपया ध्यान दें कि प्रपत्र 3 एवं 4 में निम्नानुसार बदलाव किए गए हैं -**

1. **नवीन एप्लीकेशन में यदि प्रस्तावित गतिविधि हितग्राही मूलक है तब संबंधित हितग्राहियों की सूची (जिसे कि पूर्व में प्रपत्र 4 में दर्ज किया जा रहा था), को प्रपत्र 3 से ही <u>गतिविधि हितग्राही मूलक है ?</u> में हां को चुनकर उसके समक्ष Benf. List बटन पर क्लिक कर खोलकर भरा जा सकेगा।**
2. **प्रपत्र 4 को सीधे खोलने पर ग्राम के, सभी हितग्राही मूलक गतिविधियों के हितग्राहियों की सूची दिखाई देगी। नए हितग्राही की प्रविष्टि अब इस प्रपत्र से नही हो पावेगी। प्रविष्टि करने के लिए प्रपत्र 3 में नवीन गतिविधि जोडकर Benf. List बटन पर क्लिक करने से  के अनुसार स्क्रीन खुलेगी जहां पर आप हितग्राहियों की प्रविष्टि कर सकेगें। संबंधित योजना एवं विभाग की प्रविष्टि प्रपत्र 3 में गतिविधि के समक्ष की जावेगी।**





Figure 14 - Format for entering Beneficiaries List

**यह सबसे महत्वपूर्ण पत्रक है क्योंकि इसी के आधार पर सभी स्तरों की योजनाएं बन रही हैं, अतएव इसे भरने में सावधानी रखी जावे। इस प्रपत्र में प्रविष्टि करने संबंधी अन्य महत्वपूर्ण सावधानियां एवं कालमवार प्रविष्टि निर्देश निम्नानुसार हैं -**

1. प्रस्तावित गतिविधि - इसमें ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तावित गतिविधि दी जानी है।
2. गतिविधि हितग्राही मूलक है - यदि प्रस्तावित गतिविधि हितग्राही मूलक है तब हां चुनना है अथवा नही चुनना है। यहां उल्लेखनीय है कि जब आप हां चुनेगें तब इसके समक्ष Benf. List बटन Enable हो जावेगा एवं इस पर क्लिक कर आप संबंधित गतिविधि के हितग्राहियों की सूची दर्ज कर पावेगें।
3. प्राथमिकता क्रमांक - यहां प्रस्तावित गतिविधि का प्राथमिकता क्रमांक दर्ज किया जाना है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक ग्राम के लिए प्रत्येक गतिविधि का प्राथमिकता क्रमांक अलग-अलग होगा अर्थात् यदि किसी गतिविधि को किसी ग्राम के लिए प्राथमिकता क्रमांक 2 दिया गया है तब किसी अन्य गतिविधि को यह प्राथमिकता क्रमांक नही दिया जा सकेगा एवं प्रविष्टि करने पर एप्लीकेशन एरर मेसेज देगा।
4. स्थल - यहां पर गतिविधि का कार्य स्थल भरा जावेगा।
5. विभाग - यहां पर गतिविधि किस विभाग के द्वारा स्वीकृत कराई जावेगी यह दर्ज किया जावेगा। यदि प्रपत्र में विभाग का नाम नही भरा गया है तब ज्ञात नही चुना जा सकेगा।
6. योजना - यहां पर गतिविधि किस योजना के अंतगर्त स्वीकृत कराई जावेगी यह दर्ज किया जावेगा। यदि प्रपत्र में योजना का नाम नही भरा गया है तब ज्ञात नही चुना जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि योजनाएं विभाग के आधार पर फिल्टर हो जाती हैं अर्थात् बिंदु 5 में जो

विभाग चुना जावेगा उसी की योजनाएं यहां पर आवेंगी। इसके अतिरिक्त यदि बिंदु 2 में गतिविधि हितग्राही मूलक है को हां चुना गया है तब केवल वही योजनाएं आवेगीं जो कि हितग्राही मूलक हैं।

7. ईकाई - यहां प्रस्तावित गतिविधि की ईकाई दी जावेगी जैसे सडक निर्माण में किमी, पंपसेट में संख्या आदि।
8. ईकाई लागत रू0 - यहां पर गतिविधि की प्रति ईकाई लागत रूपये में दर्ज करनी है। जैसे यदि किसी ग्राम में 10 पंपसेट दिये जाने हों और प्रति पंपसेट की कीमत 20000 रूपये हो तब ईकाई में संख्या एवं ईकाई लागत में 20000 दर्ज किया जावेगा।
9. संख्या - यहां पर कुल प्रस्तावित गतिविधियों की संख्या दर्ज की जावेगी जैसे उपरोक्त बिंदु 8 के उदाहरण में ईकाई संख्या 10 है।
10. कुल अनु0 लागत - इसे कम्प्युटर स्वत:, ईकाई लागत में प्रस्तावित गतिविधियों की संख्या का गुणा कर ज्ञात कर लेगा। इसे भरने की आवश्यकता नही है।
11. सामुदायिक योगदान - यहाँ पर गतिविधि में सामुदायिक योगदान दिया जाना है।
12. सम्मिलित ग्राम संख्या एवं ग्रामों के नाम - यह कालम ग्राम एवं वार्ड स्तर के लिए Disable रहेगा एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व नगरीय निकायों के लिए Enable रहेगा। इस कालम में यदि ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व नगरीय निकाय स्तर की कार्य योजना में कोई कार्य एक से अधिक ग्रामों या वार्डों में करवाया जा रहा है तब उन ग्रामों या वार्डों को चुना जावेगा। Select Villages बटन को चुनने पर





Figure 15- Village Selection For Activities Spread Over More Than One Village. अनुसार स्क्रीन प्राप्त होगी। जहां पर आप बायीं तरफ संबंधित ईकाई





**Figure 15- Village Selection For Activities Spread Over More Than One Village.**

(अर्थात् ग्राम पंचायत की कार्य योजना में ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम,

जनपद पंचायत की कार्य योजना में जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम) के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामों की सूची प्राप्त होगी। इस सूची में से उन ग्रामों को सलेक्ट कर > बटन पर क्लिक करने से ग्राम सलेक्ट हो जावेगें एवं दायीं तरफ आ जावेगें। ग्राम चुनने के पश्चात Save and Close पर क्लिक कर स्क्रीन बंद करें।

13. अर्जित मानव दिवस - यहां पर अर्जित मानव दिवसों की संख्या दी जाना है।
14. लाभान्वित परिवार - यहां पर लाभान्वित परिवारों की संख्या दी जाना है।
15. क्रियान्वयन संस्था - यहां पर कार्य करने वाली संस्था या विभाग चुनना है।
16. लाभान्वित क्षेत्रक - यहां पर गतिविधि से किस क्षेत्रक को लाभ मिलेगा यह चुनना है।
17. गतिविधि का प्रकार - यहां पर गतिविधि का प्रकार चुनना है। यदि गतिविधि का प्रकार सूची में नही मिलता है तो अन्य को चुना जावे।

अब ADD बटन पर क्लिक कर प्रविष्टि को सेव करें।

**गलत प्रविष्टि को Delete करना** - इसके लिए संबंधित प्रविष्टि को चुनकर Keyboard के Delete बटन को दबावें।

**गतिविधि को EDIT करना-** कभी-कभी डाटा प्रविष्टि करते समय किसी तरह की गलती हो सकती है जिसके लिए उस प्रविष्टि को ठीक करना होता है। एप्लीकेशन में डाटा EDIT करने के लिए प्रविष्टियों की सूची में संबंधित प्रविष्टि पर Double Click करें जिससे यह डाटा EDITING के लिए Figure 16- Data Editing अनुसार ऊपर आ जावेगा एवं ADD बटन का नाम बदलकर Update हो जावेगा जहां पर आप इसे ठीक कर प्रविष्टि अपडेट कर सकते हैं।





**Figure 16- Data Editing**

प्रपत्र 3 को ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर के लिए भरना - प्रपत्र 3 ग्राम एवं वार्ड स्तर के अतिरिक्त ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर के लिए भी भरे जाना है। जिसके लिए प्रक्रिया उपरोक्त अनुसार ही रहेगी। अंतर केवल बिंदु क्रमांक 12 सम्मिलित ग्राम में आवेगा क्योंकि यह प्रविष्टि केवल ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर के लिए ही लागू है।

****

## 5. रिस्पांस प्लान तैयार करना

समाज द्वारा प्राप्त प्रस्तावित गतिविधियों के उपर विभाग अपना रिस्पांस देंगें जिसके लिए आफलाइन एप्लीकेशन में व्यवस्था दी जा रही है। इसके लिए मुख्य मीनू से Response Plan पर क्लिक करने से Figure 17 - Response Plan अनुसार स्क्रीन प्राप्त होगी -




Figure 17 - Response Plan

यहां यह उल्लेखनीय है कि Response Plan को भरने की व्यवस्था आनलाईन एप्लीकेशन में भी दी जा रही है जिसे कि विभाग स्वयं भरेगें। आफलाइन एप्लीकेशन में जनपद स्तर से गतिविधियों में Response भरने के पश्चात डाटा को सर्वर पर अपलोड करावेगें तभी यह डेटा आनलाइन एप्लीकेशन में Response हेतु उपलब्ध होगा।

इसके अतिरिक्त यह स्क्रीन डेटा को विभागवार, जनपदवार, पंचायतवार, विभागवार, योजनावार, एजेंसीवार, क्षेत्रकवार एवं गतिविधि के प्रकारवार फिल्टर करने की भी सुविधा देती है जिसे कि MS-Excel में भी एक्सपोर्ट किया जा सकता है।

गतिविधियों में Status, Unit, Unit Cost & Approved Units को यहीं पर Edit किया जा सकता है। शेष समस्त कालम को Edit नही किया जा सकता है।

किसी कालम के आधार पर Sort करने के लिए उस कालम के हेडर पर क्लिक करने से डेटा कालम अनुसार Sort हो जावेगा।

## 6. डाटा एकत्रीकरण

जैसा कि पूर्व में उल्लेखित किया गया है कि Offline एप्लीकेशन इस तरह से बनाया गया है कि आप Data Entry का कार्य एक से अधिक कम्प्युटर पर कर सकते हैं एवं डाटा को बाद में एक कम्प्युटर पर Compile कर सकते हैं। यह कार्य निम्न दो चरणों में सम्पन्न होगा -

चरण 1 - डाटा को Main Computer में भेजने के लिए Export करना -

इसके लिए Export पर क्लिक करें जिससे निम्न स्क्रीन प्राप्त होगी ।






**Figure 18 - Data Export**

यहां पर आपको दो आप्शन दिखाई दे रहे हैं जिनका विवरण इस प्रकार है -

1. As Database – इस आप्शन का उपयोग आप तब करेगें जबकि आपको डेटा किसी अन्य कम्प्युटर पर Compilation हेतु भेजना है। इससे प्रविष्ट किया गया पूरा का पूरा डेटा एक डेटाबेस फाइल में export होकर निम्नानुसार मेसेज प्राप्त होगा जिसमें Exported फाइल का विवरण रहेगा। Exported फाइल का नाम Data Export के समय कम्प्युटर की दिनांक व समय के साथ .db एक्सटेंशन के साथ बनेगा।




उक्त फाइल को कापी कर उस कम्प्युटर पर Data Import करने हेतु भेज देवें जहां इसे Compile कराना हो।

2. MS Excel – इस आप्शन का उपयोग आप तब करेगें जबकि आपको गतिविधियों से संबंधित सम्पूर्ण डेटा MS-Excel में Export करना हो। इस आप्शन का उपयोग करने के लिए आपको फाइल का नाम चुनना आवश्यक है।

चरण 2- Main Computer में डाटा Import करना

इसके लिए Import पर क्लिक करें जिससे स्क्रीन प्राप्त होगी ।





Figure 19 - Data Import

अब आप चरण 1 के द्वारा Export की गयी .db फाइल को Browse कर चुन लेवें एवं Import बटन पर क्लिक करें। जिससे सम्पूर्ण डेटा Import हो जावेगा।

## Frequently Asked Question

**Q 1.** आफलाइन मोड में लागइन करने पर Invalid Username / password प्राप्त हो रहा है जबकि मेरा यूजर नेम व पासवर्ड सही है।

**Ans**: सुनिश्चित करें कि प्रथम बार आनलाइन मोड में लागइन होकर मास्टर डेटा डाउनलोड कर लिया गया है। बिना मास्टर डेटा डाउनलोड किये आफलाइन मोड में लागइन नही हो सकते।

**Q 2**. आफलाइन मोड में लागइन करने या मास्टर डेटा डाउनलोड करने पर Remote Name Could Not be Resolved का मेसेज प्राप्त हो रहा है।

**Ans:** सुनिश्चित करें कि आपका कम्प्युटर इंटरनेट से जुडा है एवं सर्वर एड्रेस में http://mwh.mpforest.org/dcpmp की प्रविष्टि है।

**Q 3.** Windows Vista / Windows 7 में लागइन नही हो पा रहे हैं जबकि आनलाइन मोड में यूजर नेम पासवर्ड सही है एवं कम्प्युटर इंटरनेट से भी जुडा है।

या

डेटा एन्ट्री स्क्रीन में Read Only Database का मेसेज प्राप्त होता है।

**Ans:** Windows Vista / Windows 7 में एप्लीकेशन की EXE फाइल जो कि सामान्यत: C:\Program Files\DCP\Decentralized Planning फोल्डर में होती है पर Right Click कर Run As Administrator के द्वार प्रोग्राम को प्रारंभ करें।

**Q 5:** Application में हिन्दी के स्थान पर अंग्रेजी के अक्षर दिखाई दे रहे हैं।

**Ans**: वर्तमान में एप्लीकेशन का यूजर इंटरफेस हिन्दी के Kruti Dev 010 फोण्ट का उपयोग कर बनाया गया है अतएव सिस्टम में इस फोण्ट को इंस्टाल कर लेवें।

**Q 6:** मेरे कम्प्युटर पर पुराना Application, Install हो गया है इसे कैसे अपडेट करें ?

**Ans**: जब भी एप्लीकेशन में नया फीचर जोडा जाता है तब इसे आनलाईन एप्लीकेशन के Download सेक्सन में डाउनलोड हेतु रख दिया जाता है। यहां पर सामान्यतया आपको दो तरह के डाउनलोड प्राप्त होगें –

(1) Updated EXE- यदि आपके कम्प्युटर पर पुराना एप्लीकेशन इंस्टाल है तब आप पुराने एप्लीकेशन को Un-install किए बगैर नए एप्लीकेशन को डालने के लिए इस फाइल को

डाउनलोड करें एवं पुरानी EXE फाइल जो कि C:\Program Files\DCP\Decentralized Planning फोल्डर में होगी को इस नयी फाइल से Replace कर देवें।

(2) Download Offline Application – यदि आप किसी कम्प्युटर में Fresh Installation करना चाहते हैं तब इस लिंक पर क्लिक करें जिससे Release.Zip फाइल प्राप्त होगी। इस फाइल को डाउनलोड कर Extract कर लेवें एवं अध्याय 2 में दिए गए निर्देशों के अनुरूप Installation करें।

**Q 7:** जनपद की कुछ पंचायतें बदल गयी या नयी पंचायतें जुड गयी हैं जिससे वर्तमान में पंचायत व ग्रामों की मेपिंग गलत दिख रही है। इसे कैसे ठीक करें ?

**Ans**: पंचायत व ग्रामों की मेपिंग सही करने के लिए आनलाइन एप्लीकेशन मे व्यवस्था दी गयी है। कृपया सर्वप्रथम आनलाइन एप्लीकेशन में लागइन होकर मेपिंग सही करें तत्पश्चात एप्लीकेशन को आनलाइन मोड में प्रारंभ करें एवं Download सेक्सन से अद्यतन मास्टर डेटा डाउनलोड करें।

**Q 8:** एप्लीकेशन में विभाग, योजना एवं कार्य एजेंसी की सूची में हमें कुछ और नाम जुडवाने हैं, यह कार्य कैसे करें ?

**Ans**: एप्लीकेशन में विभाग, योजना एवं कार्य एजेंसी एंव अन्य किसी भी तरह का मास्टर डेटा जनपद या जिला स्तर से अपडेट नही किया जा सकता है। इसके लिए आप राज्य योजना आयोग में राज्य समन्वयक श्री रिशीराज शर्मा, से संपर्क कर सकते हैं। यदि ऐसा कोई डेटा राज्य स्तर से जोडा जाता है तो इसे Download सेक्सन से अद्यतन मास्टर डेटा डाउनलोड कर लोकल कम्प्युटर के मास्टर डेटा को अपडेट किया जा सकता है।

**यहां ध्यान रखें कि मास्टर डेटा संबंधी किसी भी परिवर्तन के लिए एप्लीकेशन को अपडेट नही करना है इसके लिए केवल Download सेक्सन से अद्यतन मास्टर डेटा डाउनलोड कर लेना है। अतएव सलाह दी जाती है कि समय समय पर मास्टर डेटा डाउनलोड कर लेवें जिससे आपके कम्प्युटर का मास्टर डेटा अद्यतन रहे।**

---

**पीएमपीएसयू, राज्य योजना आयोग, मध्यप्रदेश**

*******